तापमान
अधिकतम 24.3 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 11 फरवरी 2025

11 समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों ...



12 बार एसो. चुनाव के लिए नामांकन शुरू ...




## शहर में आज
- आंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- बिजली निगम के कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक

## बिजली कट
- सुबह 10 से 3 बजे तक

बसंत विहार, सेक्टर-5, रामगोपाल कॉलोनी
- सुबह 11:30 से 4 बजे तक

रैनक पुरा, साहसी चौक, कृष्णा कॉलोनी, खोखरा कोट, रोहतास नगर, राजीव नगर

# नगर निगम रोहतक और कलानौर नपा के चुनाव के लिए आज से नामांकन
## तैयारियां शुरू, 12 और 16 फरवरी को दाखिल नहीं होंगे नामांकन पत्र, 2 मार्च को होगा मतदान

- नामांकन पत्रों की जांच 18 फरवरी को सुबह 11:30 बजे की जाएगी
- 19 फरवरी को सांय 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




नगर निगम तथा कलानौर नगर पालिका के आम चुनाव के लिए मंगलवार से नामंकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 17 फरवरी (12 एवं 16 फरवरी को छोड़कर) सुबह 11 से 3 बजे तक नामांकन लिए जाएंगे।

2 मार्च को नगर निगम रोहतक व नगर पालिका कलानौर के आम चुनाव के तहत मतदान होगा। 12 मार्च को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। 12 व 16 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जा सकेंगे। निर्धारित अवधि तक प्राप्त नामांकन पत्रों की 18 फरवरी को सुबह 11:30 बजे जांच की जाएगी तथा 19 फरवरी सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक उम्मीदवारों द्वारा नाम वापिस लिए जा सकेंगे। इसी दिन 3 बजे के बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे तथा इन उम्मीदवारों की सूची चस्पा कर दी जाएगी तथा मतदान केंद्रों की सूची भी चस्पा की जाएगी। 2 मार्च को सुबह 8 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होगा तथा 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी। मतगणना के बाद परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। प्रशासन तैयारी कर रहा है।

### 22 वार्डों के लिए सह निर्वाचन अधिकारी नियुक्त
नगर निगम में महापौर एवं नगर निगम पार्षद के चुनाव की निर्वाचन अधिकारी मेजर गायत्री अहलावत ने कहा कि नगर निगम के 22 वार्डों के लिए सह निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। भूपेन्द्र सिंह सीईओ जिला परिषद को वार्ड नंबर 2,4,5,10, विपिन कुमार महाप्रबन्धक को वार्ड नंबर 16,19, 20, मनिन्द्र सिंह कादयान एसई यूएचबीवीएन को वार्ड नंबर 18, 6, 7, 8, बलराज चौहान एसई वाईडब्ल्यूएस सिंचाई विभाग को वार्ड नंबर 12, 3,17,1, सुखबीर सिंह एसई पीडब्ल्यूडी (बीएण्डआर) को वार्ड नंबर 13,14,15, अंशुल काद्यान कार्यकारी अभियन्ता काडा को वार्ड नंबर 21, 22, 9,11 के लिए सह निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

मेजर गायत्री अहलावत ने बताया कि नगर निगम के आम चुनाव के लिए महापौर पद के लिए नामांकन 11 से 17 फरवरी तक सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण कार्यालय में एवं नगर निगम पार्षद पद के लिए उक्त दर्शाए गए सह निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालय में प्रातः 11 बजे से बाद दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे। अगर किसी भी बूथ पर पुनः चुनाव की आवश्यकता पड़ती है तो वह 4 मार्च को सम्पन्न करवाया जाएगा। वोटों की गिनती 12 मार्च को सुबह 8 बजे से प्रारम्भ कर दी जाएगी। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रोहतक में 285 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें औसत वोटर संख्या 1120 प्रति बूथ है। अनापत्ति प्रमाण-पत्र के लिए सिंगल विंडो आयकर विभाग ग्राउंड फ्लोर पर स्थापित की गई है।

### कलानौर नपा के लिए कलानौर स्थित तहसील कार्यालय में लिए जाएंगे नामांकन पत्र
उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि कलानौर नगर पालिका के चेयरमैन व सदस्यों के लिए कलानौर स्थित तहसील कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल होंगे। कलानौर नगर पालिका के आम चुनाव के लिए महम के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) को निर्वाचन अधिकारी तथा कलानौर के नायब तहसीलदार को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### चुनाव खर्च पर निगरानी रखने के लिए नियुक्त खर्च पर्यवेक्षक पहुंचे रोहतक
- राज्य निर्वाचन आयोग ने डीईटीसी इंस्पेक्शन आरके नैन को किया गया नियुक्त

उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर निगम चुनाव के दौरान खर्च की निगरानी के लिए डीईटीसी इंस्पेक्शन आरके नैन को खर्च पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। खर्च पर्यवेक्षक शुक्रवार रोहतक पहुंचे। आरके नैन ने बताया कि नगर निगम चुनाव में मेयर पद के लिए चुनाव खर्च की सीमा 30 लाख रुपए तथा नगर निगम के सदस्य के लिए चुनाव खर्च की सीमा साढ़े 7 लाख रुपए निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि आयोग की हिदायतों अनुसार नगर निगम के मेयर व पार्षदों के प्रत्याशियों के चुनाव खर्च का मिलान किया जाएगा। इन सभी प्रत्याशियों को चुनाव खर्च के लिए अलग बैंक खाता खुलवाना होगा तथा चुनाव का सारा खर्च इस बैंक खाते के माध्यम से ही करना होगा। चुनाव परिणाम घोषित होने के एक महीने के अंदर सभी प्रत्याशियों को चुनाव खर्च का पूरा विवरण उपायुक्त कार्यालय में जमा करवाना होगा।

## खबर संक्षेप

### पोस्टर मेकिंग में दीक्षा स्लोगन में साक्षी प्रथम
**रोहतक।** राजकीय महाविद्यालय जसिया में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, इन गतिविधियों में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीनाक्षी दहिया के द्वारा किया गया। प्राचार्या सुदेश लाठर ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। पोस्टर मेकिंग में दीक्षा, स्लोगन राइटिंग में साक्षी, रंगोली में संजना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### यजुर्वेद ब्रह्म पारायण महायज्ञ 13 से
**रोहतक।** आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम रोहतक के संस्थापक महात्मा प्रभु आश्रित महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष में 13 फरवरी से 16 फरवरी तक यजुर्वेद ब्रह्मपारायण महायज्ञ का आयोजन वैदिक भक्ति साधन आश्रम किया जाएगा। जानकारी देते हुए आश्रम के मंत्री जितेंद्र मेहता ने बताया कि यज्ञ ब्रह्मा के रूप में आचार्य स्वदेश महाराज मथुरा से पधार रहे हैं। वेद पाठ विश्ववारा कन्या गुरुकुल रुड़की की ब्रह्मचारिणी करेंगी एवं आचार्य शक्तिदेव यज्ञ पुरोहित रहेंगे।

### महम नगर पालिका में हाउस की मीटिंग आज
**महम।** मंगलवार 10 फरवरी को सुबह 11 बजे महम नगर पालिका में हाऊस की मीटिंग आयोजित की जाएगी। इस संबंध में लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, विधायक बलराम दांगी, प्रधान भारती पंवार, उपप्रधान बसंत लाल गिरधर व शहर के सभी 14 पार्षदों को लिखित पत्र भेजकर मीटिंग में भाग लेने की अपील की गई है। बैठक में पिछली मीटिंग की पुष्टी की जाएगी।

### 12 तक पीएम पुरुस्कारों के लिए भिजवाएं सिफारिशें
**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि लोक प्रशासन में उत्कृष्ठता के लिए प्रधानमंत्री पुरुस्कारों के लिए 12 फरवरी तक सिफारिशें भिजवाई जाए। सभी विभागाध्यक्षों व कार्यालयों को जारी आदेश में कहा गया है कि इन पुरुस्कारों के लिए निर्धारित शर्तें या मापदंड पूरे करने वाले व्यक्तियों की सिफारिशें भिजवाई जाए। इससे पूर्व भी इन पुरस्कारों हेतु सिफारिशें आमंत्रित की गई थी, परंतु अभी तक कोई सिफारिश प्राप्त नहीं हुई है।

### महिला की जेब से मोबाइल चोरी के मामले में दो काबू
रोहतक। पुलिस ने बस में महिला की जेब से मोबाइल फोन चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी दिलबाग ने बताया कि 9 फरवरी को गश्त के दौरान मुख्य सिपाही विक्रम व होमगार्ड अशोक ने पब्लिक का शोर सुनकर बाइक सवार युवकों का पीछा किया।

## दिनदहाड़े वारदात से हड़कंप, युवक के पेट पर गोली लगी
# फाइनेंसरों ने पैसे के लेन-देन को लेकर युवकों पर दागीं गोलियां

- लोगों ने उनकी स्कॉर्पियो तोड़ी कर्ज से ज्यादा पैसे चुकाए और मांग रहे थे फाइनेंसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जांच में जुटी एफएसएल की टीम



शहर में हर रोज फाइनेंसरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। फाइनेंसरों की कोई ना कोई वारदात प्रतिदिन सामने आ रही है। सोमवार को तेज कॉलोनी में फाइनेंसरों ने तोबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिसके कारण आस-पास के लोगों में दहशत फैल गई। बता दें कि स्कार्पियो में आए दो फाइनेंसरों ने पैसे के लेनदेन को लेकर 5 से 6 राउंड फायर किए। इस दौरान एक युवक के पेट पर गोली लग गई। गोली लगने से युवक गंभीर रुप से घायल है। घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां युवक का उपचार चल रहा है। वहीं, आस-पास के लोग एकत्रित हो गए और फाइनेंसरों की स्कॉर्पियो गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। इससे घबराकर फाइनेंसर वहां गाड़ी छोड़कर भाग गए। साथ ही आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान घायल युवक ने बताया कि उन्होंने जितने पैसे लिए थे, उससे कहीं ज्यादा दे चुके, लेकिन फाइनेंसर पीछा नहीं छोड़ रहे।



### फाइनेंसर रविंद्र व लवनीत स्कॉर्पियों में आए
घायल कर्ण सिंह ने बताया कि वह दोस्त के साथ दुकान पर बैठा हुआ था। यहां 2 फाइनेंसर रविंद्र व लवनीत स्कॉर्पियों गाड़ी में आए और आते ही गाली गलौज करने लगे। इसके बाद उन्होंने 2 रिवॉल्वरों से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली दीवार से टकराकर उसके पेट से छूते हुए निकली, जिससे वह घायल हो गया। आरोपी स्कॉर्पियों गाड़ी को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए।

### आरोपियों की तलाश की जा रही
पुलिस फायरिंग की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे थे। स्कॉर्पियों गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। 2 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश जारी है।
-महेश कुमार, एएसआई, पुरानी सब्जी मंडी थाना

### दो महीने पहले 25 हजार रुपये लिए थे
कर्ण के दोस्त ललित ने बताया कि उन्होंने फाइनेंसर रविंद्र व लवनीत से करीब 2 महीने पहले 25 हजार रुपये लिए थे। इसमें से 5 हजार फाइल चार्ज के काट लिए थे। उन्हें सिर्फ 20 हजार मिले थे। बीच में वह एक-दो किस्तें नहीं दे पाए। इसके बाद वह पेनल्टी लगाने लगे। इसके बावजूद वह 37 हजार रुपये लौटा चुके थे। इसके बाद भी वह बार-बार पैसे मांग रहे थे।

## उफ! अभी से सताने लगी गर्मी



रोहतक। मौसम ने अचानक करवट ले ली है। तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके कारण फरवरी में ही मार्च जैसा एहसास होने लगा है। गर्मी अभी से लोगों का पसीना छुड़ाने लगी है। सोमवार को रोहतक में अधिकतम तापमान 24.3 और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि गर्मी ऐसे ही तेवर दिखाती रही तो फसलों को भारी नुकसान होने का अंदेशा है। *फोटोः अनिल चहल*

## सीएम फ्लाइंग ने सांपला नगर पालिका में किया औचक निरीक्षण
# टीम ने 6 घंटे तक निरीक्षण किया और विकास कार्यों के रिकार्ड खंगाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला



सांपला। सीएम फ्लाइंग की टीम रिकार्डों की जांच करती हुई।

सीएम फ्लाइंग की एक टीम ने सोमवार की सुबह नगर पालिका सांपला में दस्तक दी। सीएम फ्लाइंग की सूचना मिलते ही कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। टीम ने करीब 6 घंटे तक निरीक्षण और रिकॉर्ड की गहनता से जांच पड़ताल की। इस दौरान कर्मचारियों के कामकाज और हाजिरी को लेकर भी जांच की गई। टीम ने सफाई अभियान और विकास कार्यों का रिकार्ड भी खंगाला। सुबह 9:00 बजे कार्यालय खुलते ही सीएम फ्लाइंग की टीम नगर पालिका में पहुंच गई। उन्होंने सबसे पहले स्टाफ हाजिरी रजिस्टर के बारे में जानकारी हासिल की। जिसमें नगर पालिका सचिव नरेंद्र कुमार अवकाश पर मिले।

इसके अलावा चार अन्य कर्मचारी भी गैर हाजिर पाए गए। उनमें से दो कर्मचारी लेट पहुंचे। कार्यालय में उपस्थित एक दूसरे को फोन पर टीम आने की सूचना दी। जांच टीम ने कस्बे में कुछ समय पूर्व करवाए गए विकास कार्यों के बारे में पूछताछ की तथा संबंधित दस्तावेज वेज भी खंगाले गए। नगर पालिका की डोर टू डोर कचरा उठान अभियान की और वाहनों की जानकारी हासिल की।

## दोस्तों के बीच गाना बजाने को लेकर विवाद के बाद वारदात
# झगड़े में पति को बचाने आई महिला घायल, उपचार के बाद तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

जांच में जुटी एफएसएल की टीम





सांपला। महिला की मौत के बाद परिजन पीजीआई में बैठे हुए। फोटो : हरिभूमि

कस्बे में 2 दोस्तों के बीच गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया। झगड़े में पति का बीच बचाव कराने आई पत्नी सिर पर चोट लगने से घायल हो गई। जिसकी उपचार के बाद घर आने पर मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत मिलने पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, महिला किरण (26) बिहार की रहने वाली थी। बिहार में दरभंगा का रहने वाला उसका पति राहुल सांपला में प्लाइवुड फैक्ट्री में नौकरी करता है। मंटू मांझी निवासी पटना बिहार रविवार रात को शराब पीकर महिला के घर आया था। वह आकर कहने लगा कि उसे गाना सुनना है। उन्होंने मना किया तो आरोपी ने गाली देनी शुरू कर दी। राहुल ने बताया कि जब मंटू को रोका गया तो उसने पास ही से लकड़ी का एक फट्टा उठा लिया। उस फट्टे से मंटू ने उस पर हमला करना शुरू कर दिया। उसकी पत्नी किरण बीच-बचाव के लिए आई तो फट्टा उसके सिर में लग गया, जिससे उसे चोट लग गई। वह उसे उपचार के लिए अस्पताल भी ले गए। जहां उसको उपचार के बाद घर भेज दिया गया। राहुल ने बताया क वह रात को घर में सोई लेकिन सुबह उन्होंने देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचीं। शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेजा गया। साथ ही एफएसएल टीम ने मौके से सबूत जुटाए। पुलि मामले की जांच कर रही है।

### 6 साल पहले आए थे सांपला
दोनों युवक छह साल पहले यहां आए थे। वे एक ही कंपनी में काम करते हैं। किरण के 3 बच्चे हैं। इनमें 2 लड़कियां और एक लड़का है।

## चुनाव की तैयारी | भाजपा जल्द करेंगी उम्मीदवारों की घोषणा: सतेंद्र परमार
# भाजपा कार्यालय में पार्षद पद के दावेदारों के हुए साक्षात्कार

*उम्मीदवारों से साक्षात्कार के लिए पांच वरिष्ठ पदाधिकारियों ने किए सवाल*

- मंगलवार को हरियाणा भवन दिल्ली में होने वाली प्रदेश कोर कमेटी के विचार विमर्श के बाद होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में भाजपा नेता पार्षद पद के दावेदारों के साक्षात्कार लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी जल्द ही मेयर एवं पार्षद पद के प्रत्याशियों की लिस्ट जारी करेगी। इसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। नगर निगम पार्षद के चुनाव के लिए प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में भावी पार्षद उम्मीदवारों के साक्षात्कार लेकर उम्मीदवार की चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। इसमें प्रमुख रूप से जिला संगठन प्रभारी सत्येंद्र परमार, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी नागेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, जिला महामंत्री आशा शर्मा, जिला चुनाव सह-प्रभारी डॉ दिनेश घिलोड़ ने सभी भावी पार्षद उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया। प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने बताया कि सभी भावी उम्मीदवारों का हर वार्ड से भारी संख्या में चुनाव लड़ने का आवेदन करना यह दर्शाता है कि आगामी चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ स्थानीय निकाय चुनाव में बढ़त बनाएगी और हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। खरक ने बताया कि मंगलवार को हरियाणा भवन दिल्ली में होने वाली प्रदेश कोर कमेटी में विचार विमर्श के बाद पार्टी अधिकृत उम्मीदवारों का फैसला होगा।

### कांग्रेस की लिस्ट आज होगी जारी
वहीं कांग्रेस की तरफ से भी दिनभर मेयर एवं पार्षद पद पर कई प्रत्याशियों ने आवेदन किए हैं जिनकी लिस्ट मंगलवार को जारी की जाएगी। अभी तक मेयर पद के लिए पूर्व पार्षद सूरजमल किलोई, सुरेंद्र सिंधु, ममता देवी, राजेश बोहत सहित अन्य कई दावेदारों के नाम पर चर्चाएं हैं।

# एनएसएस न केवल सेवा का मंच बल्कि विकास का भी माध्यम

## महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों के शिविरों का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा मायना गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। डॉ. रेखा ढींगरा ने स्टार्टअप आइडिया विषय पर सभी स्वयंसेविकाओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने स्टार्टअप और बिजनेस के अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि बिजनेस एक पारंपरिक व्यापार मॉडल पर आधारित होता है, जबकि स्टार्टअप एक नए और इनोवेटिव आइडिया के साथ शुरू किया जाता है। उन्होंने सफलता के लिए लक्ष्य और फोकस की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पहला कदम लक्ष्य निर्धारित करना, दूसरा जुनून बनाए रखना और तीसरा विचारों को सही दिशा में विकसित करना होता है।

इसके बाद एनएसएस कोऑर्डिनेटर (महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय) सविता राठी ने एनएसएस की पहल और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएसएस युवाओं को समाज की बेहतरी के लिए प्रेरित करता है और सामुदायिक विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करता है। इस दौरान स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा जागरूकता जैसी गतिविधियों पर चर्चा की गई। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को सलाह दी कि वे गांवों का दौरा कर वहां की समस्याओं की पहचान करें और उनके समाधान के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि एनएसएस न केवल सेवा का मंच है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास का भी माध्यम है।

### जीवन में कभी नकारात्मक सोच नहीं रखनी चाहिए

कैप्टन सुरेंद्र ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में कभी नकारात्मक सोच नहीं रखनी चाहिए। सकारात्मक सोच सफलता, आत्मविश्वास और सुख को बढ़ाती है, जबकि नकारात्मक सोच अवसाद और असफलता की ओर ले जाती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधान जाट एजुकेशन सोसायटी के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सोफिया जाखड़ यूनिट 1 और डॉ. सविता मलिक यूनिट 2 सहित अन्य मौजूद रहे।



रोहतक। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान जाट एजुकेशन सोसायटी के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना को स्मृति चिन्ह देते प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सोफिया जाखड़ व डॉ. सविता मलिक। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सर्वकर्मचारी संघ ने सौंपा विधायक को ज्ञापन

**महम।** कर्मचारियों की लंबित मांगों के समाधान के लिए सर्व कर्मचारी संघ नेताओं ने विधायक बलराम दांगी को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों की मांग है कि हरियाणा का अलग से वेतन आयोग बनाया जाए। पिछले वेतन आयोग में रह गई विसंगतियों को ठीक किया जाए। 5 हजार रुपए प्रतिमाह अंतरिम राहत प्रदान की जाए। पुरानी पेंशन स्कीम लगाई जाए। कर्मचारियों को कैशलैस सुविधा प्रदान की जाए। आऊट सोर्सिंग, अनुबंध व अस्थाई कर्मचारियों को लेकर महिलाओं को वरियता दी जाए। पदोन्नति इसके अलावा भी जो कर्मचारियों की मांगें अब तक सरकार द्वारा नहीं मानी गई हैं, उनको पूरा किया जाए।

### एमडीयू में शुरू हुई शोध पद्धति कार्यशाला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के सामाजिक विज्ञान संकाय एवं शिक्षा संकाय द्वारा चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान के तत्वावधान में सोमवार को स्वराज सदन में शोध पद्धति पर कार्यशाला प्रारंभ हुई। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि इस कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि शोध एक गंभीर विषय है, शोध के जरिए शोधार्थी नए ज्ञान का सृजन करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने शोध को व्यावहारिक बनाने से पहले उसमें स्पष्टता होनी चाहिए। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों में अनुशासन ज्ञान के साथ-साथ समस्या समाधान दृष्टिकोण, जीवन कौशल एवं संचार कौशल होना चाहिए।

### छात्र संगठन ने कुल सचिव को मांगपत्र दिया

**रोहतक।** शहीद भगत सिंह छात्र संगठन ने महर्षि दयानंद विवि में एकत्रित होकर नव नियुक्त कुल सचिव डॉ. कृष्णकांत के समक्ष ज्ञापन देते हुए कुछ मांगे रखी। संगठन अध्यक्ष प्रदीप मोटा ने कुल सचिव के समक्ष मुख्य मांगे रखते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में अनेकों छात्र ऐसे हैं जिन्होंने पीएचडी की है, उन्हें यूनिवर्सिटी नौकरी दे। बेशक नौकरी एसएफएस की हो। पीएचडी कर रहे छात्र जो बेरोजगार उन्हें विभाग के अंदर सहयक शिक्षक रखा जाए या फर सेल्फ फ़ाइन्स सकीम पर रखे । विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में पढ़ाने का मौका दिया जाए। जिससे विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो सके ।

### पुलिस लाइन में हुई साप्ताहिक परेड

**रोहतक।** पुलिस लाइन में सोमवार की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। एएसपी वाएवीआर शशि शेखर ने परेड की सलामी ली तथा पुलिस अधिकारियों-जवानों को दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे है। परेड में जिला रोहतक के सभी प्रभारी थाना-चौकी, पुलिस कार्यालय ऑफिस व जिला में तैनात सभी जवानों ने हिस्सा लिया। एएसपी वाएवीआर शशि शेखर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी जवान अर्लट रहकर इमानदारी से अपनी ड्यूटी करें। दुश्चरित्र, असामाजिक व शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखे। सार्वजनिक स्थान पर हुडदंग-हंगामा करने वाले से भी सख्ती से निपटा जाए।

## आस्था के साथ पर्यावरण की शुद्धि पर भी दिया जा रहा जोर

# रूड़की में 3000 से भी ज्यादा घरों में जाएगी गुगल की धूमणी

- रूड़की में आज लगेगा दादी भदा मंदिर पर विशाल भंडारा व मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आज से 720 वर्ष पहले बसे गांव रूड़की में हुड्डा गोत्र की सबसे बड़ी मान्यता सती दादी भदा की याद में आज मेला व भंडारा लगाने के साथ-साथ 10 हजार से ज्यादा जनसंख्या वाले गांव रूड़की में 3000 से ज्यादा घरों में गुगल धूप से वातावरण का शुद्धिकरण किया जाएगा। आज के दिन गांव के घरों में खीर या अन्य पकवान बनाए जाते हैं। साथ ही महिलाएं इकट्ठी होकर दादी भदा मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी के स्वस्थ जीवन की कामना करती हैं।

### दूसरे प्रदेशों से भी आते हैं श्रद्धालु

गांव रूड़की के जो लोग अपनी नौकरी या व्यावसाय आदि के चलते दूसरे प्रदेशों में बसे हुए हैं। वे श्रद्धालु भी इस दिन आकर मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। उनकी आस्था आज भी दादी सती के प्रति अटूट है। दिल्ली, कलकत्ता, उत्तर प्रदेश, झारखंड आदि प्रदेशों से भी श्रद्धालु यहां आकर मनोकामना मांगते हैं।



### एक क्विंटल से ज्यादा गूगल सामग्री का इस्तेमाल होगा

वातावरण शुद्धि के लिए दादी भदा मंदिर में हवन यज्ञ के साथ एक क्विंटल से ज्यादा गूगल धूप का प्रयोग होगा। इसमें भारी मात्रा में देशी घी का प्रयोग भी किया जाता है। गांव में चार पान्नों से युवाओं की टोली बनाकर प्रत्येक घर में गुगल धूप की धूमनी देने के लिए भेजा जाता है। चार से पाचं घंटे में सभी टोलियां वापिस दादी भदा मंदिर में पहुंचती हैं। इस दिन गांव में दूध को बेचने की बजाय सारा दूध खीर बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है।



### हर माह होती है पूजा

प्रत्येक माह की चौदस व पूर्णिमा को गांव की सभी महिलाएं मंगल गीत गाते हुए दादी भदा के मंदिर में ज्योत जलाती हैं और गांव में प्रसाद वितरित करती हैं तथा अपने परिवार की मंगल कामना के लिए दादी भदा से प्रार्थना करती हैं। इस गांव में खीर और अन्य पकवान घरों में इस दिन बनाए जाते हैं।

### ये है आस्था

रोहतक से 16 किलोमीटर पूर्व दिशा में स्थित गांव रूड़की में माही चौदस के दिन गांव की दक्षिण दिशा में जोहड़ पर बने दादी भदा सती के मंदिर पर काफी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे व मंदिर परिसर में विशाल भंडारा व मेला लगाया जाएगा। हुड्डा गोत्र में दादी भदा सती के प्रति प्रगाढ़ मान्यता है। गोत्र से जुड़े हुए सभी गांव के श्रद्धालु मंदिर में आकर अपनी मनोकामना मांगते हैं। दादी भदा सती के मंदिर गांव रूड़की, आसन, किलोई, मुंगान व घुसकानी में भी स्थापित हैं। गांव रूड़की में स्थित दादी भदा मंदिर की विशेष प्रगाढ़ आस्था क्षेत्र के लोगों की है। यहां पर जब से यह गांव बसा है तभी से गांव की दक्षिण दिशा में जोहड़ पर दादी का छोटा मंदिर था। परन्तु जब आस्था और श्रद्धालु बढ़ने लगे तो 1985 में मंदिर का पुर्ननिर्माण करके इसे बड़े मंदिर के रूप दिया गया। अब फिर से मंदिर का पुनःनिर्माण करके बड़ा किया गया है। हर वर्ष दूर-दूर से श्रद्धालु आने लगे हैं। भंडारे व मेले के लिए गांव के बुजुर्गों, युवाओं व ग्राम पंचायत की देखरेख में समितियां बनाई गई हैं। ग्राम पंचायत भी लोकल पंचायत के साथ इस भंडारे व मेले को सफल बनाने के लिए हर संभव सहायता करती हैं।

### ये है इतिहास

गांव निवासी जाट कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. जसमेर सिंह ने बताया कि जनश्रुति के अनुसार हुड्डा गोत्र के दादा की शादी राजस्थान के गांव काशीबघोड़ा में हुई थी। शादी के बाद जब वे अपनी पत्नी भदी को लेकर आ रहे थे, तो रास्ते में जंगलों में कुछ लोगों ने उनका वध कर दिया। इस घटना के बाद दादी भदी अपने पति के साथ वहीं सती हो गई। पति के प्रति ऐसी श्रद्धा के चलते वह लोगों के लिए आस्था का केंद्र बन गई। हुड्डा गोत्र के लोग दादी भदी को पूजने लगे। रूड़की में जब गांव बसा तब से एक छोटा मंदिर था, जब मंदिर का पुर्ननिर्माण किया जा रहा था तो छोटे मंदिर की खुदाई करते समय इसके नीचे पुराने समय के मूर्तिनुमा दो पत्थर मिले थे। जिन पर देवी देवताओं की आकृति गुद्दी हुई है। इसको भगवान का रूप व वरदान मानकर दादी भदा की राजस्थान से बनवाकर लाई गई संगमरमर की प्रतिमा के दोनों और दोनों पत्थरों को स्थापित करवा दिया गया है।

### मंदिर में दूल्हा-दुल्हन लेते हैं आशीर्वाद

दुल्हन शादी के बाद पहली बार गांव आती है तो वह दादी के मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त करने जरूर आती है। इस गोत्र से जुड़ा हुआ कोई भी दुल्हा शादी के दिन दादी के मंदिर में आकर आशीर्वाद लेकर बारात में जाता है या फिर घुड़चढ़ी के दौरान यहां पर अपना मत्था जरूर से जरूर टेककर जाता है। गांव में जो भी बच्चा पैदा होता है तो उसका पहला मुंडन भी उसकी माता द्वारा मंदिर में कराने की परंपरा सदियों से चली आ रही है ताकि दादी भदा सती का आशीर्वाद सदा उसके साथ रहे।

## न्यूज डायरी



### पठानिया स्कूल के बच्चों ने जॉय गांव में की मस्ती

**रोहतक।** पठानिया वर्ल्ड कैंपस द्वारा कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों के लिए ट्रिप का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को जॉय गांव ले जाया गया। बच्चे ट्रिप में जाने के लिए बहुत उत्साहित थे। सभी बच्चे बसों में अंताक्षरी आदि खेलते हुए व नाचते गाते हंसी-खुशी से जॉय गांव पहुंचे। वहां सभी विद्यार्थियों ने अपनी अध्यापिकाओं एकता, सुचिता, नीरज, हरलीन, वीणा, आरती, रीमा, रेनू, गरिमा, धरना, सीमा और रीतिका की उपस्थिति में खूब मस्ती की। इस दौरान तरह-तरह के खेलों का आनंद लिया, जिसमें खेलों के साथ-साथ झूले, कठपुतली डांस, ट्रेन व ऊंट की सवारी थी। बच्चों ने वहां प्रदेश में बनाए जाने वाले तरह-तरह के व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया।



### द आर्यन ग्लोबल स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल विद्यालय में छठी से ग्यारहवीं तक के बच्चों ने इंटर स्कूल रामानुजन लिगेसी गणित परीक्षा में सम्मिलित होकर अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया और इस प्रतियोगिता में विजय हासिल की । इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्रों को पुरस्कार से नवाजा गया। प्रधानाचार्य श्री आर के खन्ना जी और निदेशिका श्रीमति सुनीता अहलावत ने सभी प्रतिभागियों का गणित के प्रति प्रेम और रुझान देख कर उनके प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। और यह भी बताया कि आगे भी बच्चे इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे और स्कूल का नाम रोशन करते रहेंगे।



महम। नर्सिंग अंतिम वर्ष की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए आदर्श नर्सिंग स्कूल मदीना के स्टाफ सदस्य।

### शत प्रतिशत रहा आदर्श नर्सिंग स्कूल मदीना का जीएनएम परीक्षा का परिणाम, छात्राएं सम्मानित

**महम।** आदर्श स्कूल ऑफ नर्सिंग मदीना का जीएनम अंतिम वर्ष की परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा घोषित किए गए परीक्षा परिणाम के बाद नर्सिंग संस्थान में खुशी का माहौल है। आदर्श शिक्षण संस्थाओं के चेयरमैन जयनारायण व आदर्श स्कूल मदीना की प्रिंसिपल मंजू लता ने बेहतर परीक्षा परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्राचार्या मंजू लता ने बताया कि इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में पायल ने प्रथम स्थान, तन्नू ने द्वितीय स्थान, तथा पारुल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इन छात्राओं ने मेहनत और समर्पण से उच्च अंक प्राप्त किए हैं।




### अंडर-19 गर्ल्स क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत किया

**रोहतक।** एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोमवार को में अंडर-19 गर्ल्स क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत किया गया। 68वें एसजीएफआई नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में हरियाणा टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली क्रिकेट श्रृंखला में फाइनल मैच में चंडीगढ़ की टीम को हराया और प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता टीम बनी। विजेता टीम खिलाड़ियों में पांच खिलाड़ी एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं हैं। जिनमें हरियाणा टीम की कप्तान हिमांशी और अन्य चार खिलाड़ी योगिता, मोक्षिता, फ़लक, नैंसी शामिल हैं। इसी खुशी में एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक हिमांक मित्तल और प्रधानाचार्या रितु ने हरियाणा टीम, कोच सुनील वत्स और खिलाड़ियों के परिजनों का विद्यालय में भव्य स्वागत किया। सबसे पहले सभी खिलाड़ियों का तिलक किया गया और फूल माला एवं नोटों की मालाएं पहनाई गई। इसके बाद विद्यालय के द्वारा पूरे शहर की परिक्रमा करते हुए एक भव्य विजय यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के बाद फिर से सभी खिलाड़ी विद्यालय पहुंचे और उनके लिए प्रीतिभोज की व्यवस्था की गई। सभी खिलाड़ियों और उनके परिजनों ने विद्यालय प्रशासन की व्यवस्था की बहुत सराहना की।

# छात्रों ने प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा लाइव प्रसारण देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के छात्रों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री ने छात्रों की बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व होने वाले तनाव से मुक्त रहने के अपने अनुभव व टिप्स दिए। साथ ही उन्होंने बच्चों के प्रश्नों के उत्तर उदाहरण सहित देकर उन्हें लाभान्वित किया कि किस प्रकार वे अपनी क्षमताओं को बेहतर कर अपना रिजल्ट अच्छा बना सकते हैं। उन्होंने टाइम मैनेजमेंट, क्वालिटी लीडरशिप, पॉजिटिविटी, इंप्रूव कॉन्फिडेंस लेवल, अपनी यूनीकनेस, अपनी स्ट्रैंथ, लिव इन प्रेजेंट, मेडिटेशन, प्राणायाम, न्यू टेक्नोलॉजी का सही ढंग से प्रयोग करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के साथ वर्तमान में जीने से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को सपने देखकर उन सपनों को साकार करने की प्रेरणा दी। उन्हें आत्मविश्वास व सकारात्मक दृष्टिकोण से परीक्षा एवं जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के करियर व प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े प्रश्नों पर बताया कि यह परीक्षाएं तो मात्र एक खिड़की हैं, आगे बढ़ने का रास्ता नहीं, इससे डरें नहीं, बल्कि अपने अध्ययन पर फोकस करें। उन्होंने बच्चों को परीक्षाओं के लिए अपना आशीर्वाद दिया।



### जरूरतमंद बच्चों को वितरित किए स्कूल शूज

**रोहतक।** झज्जर रोड स्थित वैश्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट के पदाधिकारी ने स्कूल शूज वितरित किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. आनंद तायल उपस्थित रहे और शूज वितरण को सरहानीय बताया।

**सूचना**

मैं, नरेश कुमार पुत्र श्री सूबे सिंह निवासी पिलाना तह. कलानौर जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रॉबिन व उसकी पत्नी पूजा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सुरेश कुमार पुत्र श्री किताब सिंह निवासी 66, पेप्सी वाली गली, अस्थल बोहर कॉलोनी, अस्थल बोहर, रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विकाश सिवाच मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



### छात्रों ने परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण देखा

रोहतक। अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल के विद्यार्थी और शिक्षक 'परीक्षा पे चर्चा ' के आठवें संस्करण के साक्षी बने ।' भारत मंडपम' दिल्ली में आयोजित किए गए 'परीक्षा पे चर्चा ' कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रांगण में अवलोकन किया । कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थी कार्यक्रम अवलोकन के लिए शामिल हुए तथा विद्यालय से अनुपस्थित विद्यार्थियों को घर पर रहते हुए कार्यक्रम को देखने के लिए निर्देशित किया गया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी किताबी कीड़ा न बनें बल्कि खेलकूद को भी जीवन में शामिल करें । प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न भागों से विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के दिलचस्प जवाब दिए । उन्होंने कहा कि सामाजिक दबावों के चलते अभिभावकों की अपेक्षाएं बढ जाती हैं लेकिन विद्यार्थी इस कारण दबाव में न आएं बल्कि समय प्रबंधन के द्वारा अधिकतम देने का प्रयास करें । हमेशा अपने आप से स्पर्द्धा करें दूसरों से नहीं । अभिभावक और शिक्षक भी बच्चों के साथ उनकी व्यक्तिगत और शिक्षा संबंधी समस्याओं पर चर्चा करें । गैजेट का समझदारी पूर्वक इस्तेमाल करें । इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए 'परीक्षा पे चर्चा ' कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखने के लिए विद्यालय द्वारा विशेष प्रबंध किया गया है ताकि विद्यार्थी प्रधानमंत्री जी को सुन सकें तथा परीक्षाओं के दबाव से मुक्त हो सकें ।

# समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों को शीघ्र निपटाएं अधिकारी: अतिरिक्त उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों को यथाशीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी समस्याओं पर भी संबंधित विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाए ताकि लोगों को असुविधा न हो। एडीसी नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। शिविर में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भूपेंद्र सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल व अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों का जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नगर निगम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, पुलिस, परिवार पहचान पत्र, समाज कल्याण आदि विभागों से संबंधित 41 शिकायतें प्राप्त हुई। संबंधित अधिकारियों ने मौके पर इन शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू की। अतिरिक्त उपायुक्त ने प्रत्येक शिकायत के निदान के लिए अफसरों को निर्देशित किया।




समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ।



### सांग से पहरावर गोशाला को मिले अभी तक 98 लाख रुपये

**रोहतक।** अखिल भारतीय गौशाला पहरावर नंदिनी धाम में सांग के छठे दिन का उद्घाटन संजय ठेकेदार सांगहेड़ा ने 1,21000 रुपये, सतबीर कुमार उप प्रधान गौशाला पहरावर ने 111111 , अमित भारद्वाज कंसाला ने 1,11000 रुपये दान किए। , श्री इसके अलावा और भी दानी सज्जनों ने बढ़ चढ़ कर सहयोग दिया। सांग के छठे दिन विष्णुदत्त शर्मा द्वारा पद्मावत की कहानी को प्रस्तुत किया गया। इस तरह कहानी को कलाकारों ने खूबसूरत तरह से पेश किया। इस मौके पर गौशाला प्रांगण में हरिओम शर्मा, वासुदेव शर्मा, शिवकुमार शर्मा,जयभगवान शर्मा, रामप्रकाश शर्मा,चंद्रभान अत्री,शिवचरण,रमेश,बिजेंद्र ब्रहमचारी,राजू, समुद्र किलोई, प्रहलाद पहरावर,कृष्ण ईस्माइला मौजूद रहे। प्रधान नरेश शर्मा ने बताया कि 4 से 9 फरवरी तक 98 लाख रूपये गौ माता की सेवा में दान आ चुका है।

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सैक्टर 14, हिसार
मो. 8571024131, 8708655938
प्यार मोहब्बत, किया/कराया, जादु-टोना, गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन कारोबार में बरकत ना होना, पशुधन बर्बाद होना, धन की बर्बादी, पढाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो, जड़ से होगी खत्म
जब कभी भी ना बना हो काम
तो होगा गारन्टिड समाधान
पं. तुषार शर्मा
गोल्ड मेडलिस्ट
हर रोज मिलें
सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक

खबर संक्षेप



## श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल के छात्र छा गए

**रोहतक।** बीएम यू कैंपस स्थित श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल के छात्रों ने दीनबंधु चौधरी छोटू राम के 144 वे जन्मोत्सव के उपलक्ष में हुई प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसका आयोजन जाट कॉलेज रोहतक में किया गया था। जिसमें कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा रिद्धिमा ने स्लोगन में, सृजन (सैनिक कक्षा आठवीं) ने स्लोगन में ,सोनाक्षी (कक्षा सातवीं) ने ग्रामीण हस्तकला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । 10 फरवरी को विद्यालय में कक्षा पर चर्चा का बच्चों को सीधा प्रसारण दिखाया गया। जिसमें बच्चों ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना । प्रधानमंत्री के विचारों से बच्चों का मनोबल तो बढ़ा ही साथ ही साथ उन्होंने यह भी समझा कि परीक्षा को तनाव न समझ कर ध्यान केंद्रित करके पढ़े।

## 28 को ईवीएम से होगा मतदान, आधार कार्ड के साथ मिलेगा प्रवेश

# बार एसो. चुनाव के लिए नामांकन शुरू, पहले दिन 13 लोगों ने पर्चा भरा

12 को उम्मीदवार के नामों की छंटनी होगी। 13 को उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं। दोपहर को 3 बजे उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट जारी हो जाएगी।



रोहतक। बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन भरवाने के लिए पहुंचे उम्मीदवार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव ने जोर पकड़ लिया है। सोमवार को नामांकन भरे गए। एग्ज़ीक्यूटिव के लिए दस नामांकन आए हैं। जबकि लाइब्रेरी इंचार्ज के लिए एक, ज्वाइंट सक्रेटरी के लिए एक और उप प्रधान पद पर एक नामांकन भरा गया।

मंगलवार को भी नामांकन भरे जाएंगे। इसके बाद 12 फरवरी को उम्मीदवार के नामों की छंटनी होगी। 13 फरवरी को उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं। इसके बाद दोपहर को 3 बजे उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट जारी कर दी जाएगी। बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी एडवोकेट प्रदीप मलिक ने बताया कि नामांकन के लिए एक हजार रुपए का उम्मीदवार को फार्म खरीदना होगा। वोटर लिस्ट फाइनल नहीं हुई है। अभी नाम जोड़े व हटाए जा रहे हैं। सोमवार शाम तक वोटर लिस्ट फाइनल हो जाएगी। फाइनल लिस्ट के बाद ही यह पता लग पाएगा कि कितने अधिवक्ता चुनाव में वोट डाल सकेंगे। सम्भावना है कि वोटर तीन हजार से कम ही रहेंगे।

**फिंगर प्रिंट भी स्कैन होंगे:** जिला बार एसोसिएसन चुनाव में मतदाता को अपने साथ आधार कार्ड साथ लाना होगा, उनके फिंगर प्रिंट भी स्कैन होंगे, ताकि फर्जी वोट न डल सके।

**उसी दिन आएंगे नतीजे:** 28 को बार एसोसिएशन के हॉल में चुनाव होगा। सुबह से लेकर शाम 6 बजे तक मतदान होगा और इसके तुरंत बाद मतगणना शुरू कर दी जाएगी। रात करीब 9 बजे तक विजेताओं के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

### छह बूथ बनेंगे, सीसीटीवी भी लगेगा

चुनाव कमेटी ने उपायुक्त एवं एसपी से मुलाकात की है। ईवीएम मशीन मांगी गई हैं। इसके बाद चुनाव के लिए छह बूथ बनाए जाएंगे। हर बूथ में पांच मशीनें होंगी। ईवीएम रूम में सीसीटीवी से बाहर लाइव टेलिकास्ट किया जाएगा। पुलिस कर्मचारी मतदान केंद्र के आसपास तैनात रहेंगे। 50 मीटर तक किसी को प्रवेश नहीं होगा। प्रत्याशी किसी प्रकार का बैनर नहीं लगवा सकेंगे।



रोहतक। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम की जानकारी।

## प्रतिस्पर्धात्मक युग में डिग्री प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं: डॉ. विनोद

■ बाबा मस्तनाथ विवि में सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आज टीएमआईईई अकादमी द्वारा इंफोसिस फाउंडेशन के तत्वाधान सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा। इस 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, समस्या समाधान, साक्षात्कार तकनीक और पेशेवर आचरण जैसी महत्वपूर्ण सॉफ्ट स्किल्स में दक्ष किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को न केवल तकनीकी रूप से बल्कि व्यक्तिगत और व्यावसायिक रूप से भी मजबूत बनाना है, ताकि वे नौकरी के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल डिग्री प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही कौशल और व्यक्तित्व विकास भी अत्यंत आवश्यक है। नौकरी देने वाली कंपनियां अब केवल तकनीकी योग्यता नहीं देखती, बल्कि वे यह भी देखती हैं कि उम्मीदवार में संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और समस्या समाधान जैसी योग्यताएं हैं या नहीं।

डॉ. विनोद कुमान ने छात्रों को यह भी बताया कि सॉफ्ट स्किल्स केवल एक पेशेवर जरूरत नहीं हैं, बल्कि यह हमारे संपूर्ण जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सही संवाद कौशल के बिना, चाहे आप कितने भी योग्य हों, सफलता पाना कठिन हो सकता है। यही कारण है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों को भविष्य में अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। प्रशिक्षक मनीष कुमार ने कहा कि सॉफ्ट स्किल्स केवल एक अतिरिक्त योग्यता नहीं, बल्कि सफलता की नींव हैं।

कोई भी व्यक्ति चाहे कितनी भी अच्छी डिग्री या तकनीकी ज्ञान रखता हो, लेकिन अगर उसमें टीम के साथ काम करने, स्पष्ट रूप से संवाद करने और समस्याओं का समाधान निकालने की क्षमता नहीं है, तो वह कार्यक्षेत्र में अधिक समय तक टिक नहीं सकता। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि कई बार नौकरी के लिए केवल तकनीकी दक्षता ही नहीं, बल्कि आपकी प्रस्तुति, आत्मविश्वास और व्यवहार भी आपकी सफलता को निर्धारित करते हैं। प्रशिक्षिका पूर्वी ने कहा कि आज की दुनिया में आपका पहला प्रभाव ही आपकी पहचान बन जाता है। एक प्रभावी संचार शैली, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण ही वह विशेषताएं हैं जो आपको दूसरों से अलग बनाती हैं। अगर आप एक अच्छे वक्ता और टीम प्लेयर हैं, तो आप किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सुधीर मलिक, डीन इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी डॉ. मुकेश सिंगला, कन्वीनर प्रोफेसर (डॉ.) अनिल डूडी, को-कन्वीनर डॉ. कविता, डॉ. सोमवीर आर्य, डॉ. बनिता, डॉ. राहुल, डॉ. सुदेश कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## गोरावड़ के सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों ने गणित व विज्ञान के चार्ट व मॉडल बनाकर दिखाई प्रतिभा



**महम।** गोरावड़ गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्टेम मेला मंच प्रोग्राम के तहत विद्यार्थियों की गणित व विज्ञान विषयों की गतिविधियां करवाई गई। गणित प्राध्यापक नीलम रानी और विज्ञान अध्यापक चांद सिंह ने अपने अपने विषयों की बारीकियां विद्यार्थियों को समझाई। बच्चों ने अपने द्वारा बनाए गए मॉडल व चार्ट्स प्रदर्शित किए। स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों और बच्चों के अभिभावकों ने भी उनके बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बच्चों ने अभिभावकों व शिक्षकों अपने मॉडल के बारे में जानकारी दी।

## एचडी स्कूल खेड़ी महम में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा के छात्रों ने दी भावभीनी विदाई पार्टी



**महम।** एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। फेयरवेल पार्टी के दौरान विद्यार्थियों ने रैंप पर कैटलॉग, गीत व नृत्य प्रस्तुत कर साथियों का मनोरंजन किया। इस दौरान कई छात्रों ने अपने अनुभव को भी शेयर किया जो पढ़ने के दौरान इस स्कूल में उन्होंने ग्रहण किये। इस मौके पर मिस एचडी व मास्टर एचडी भी चुने गए। कक्षा 12वीं ए की छात्रा कंचन को मिस एचडी फेयरवेल व 12वीं नोन मैडिकल के छात्र रितेश को मास्टर एचडी फेयरवेल चुना गया। वहीं हैड गर्ल वर्षा 12वीं सी से मिस गीतांजलि को मोस्ट सींसियर गर्ल व साहिल को मोस्ट सींसियर बॉय चुना गया। इस मौके पर स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा ने अपने संबोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे भविष्य में अपनी कठोर मेहनत व लग्न के साथ अपना व स्कूल का नाम रोशन करें। इस अवसर पर स्कूल सचिव संजीव छिल्लर व समस्त स्टाफ़ सदस्य उपस्थित थे।

## अखिल नारंग बने जिला भट्ठा एसो. के प्रधान, उप प्रधान कुलदीप दहिया और नरेंद्र दलाल को बनाया

**रोहतक।** रविवार को जिलाभट्ठा एसोसिएशन कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नई कार्यकारिणी के गठन के बारे में विचार विमर्श हुआ। जिसके बाद अखिल नारंग को प्रधान नियुक्त किया गया। अखिल नारंग ने बताया कि महामंत्री सुन्दर तोमर, खजांची पंडित बृजमोहन, उप प्रधान कुलदीप दहिया व नरेंद्र दलाल को बनाया गया है। इसके अलावा संदीप हसनगढ़, जयपाल कुंडू टिटौली, रवि कादयान कलानौर, सोमबीर कादयान कलानौर, नरेंद्र सरपंच फरमाना को कार्यकारी सदस्य बनाया गया है। प्रधान अखिल नारंग ने एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वह एसोसिएशन के लिए बेहतर काम करने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अलावा अन्य लोग भी उपस्थित रहे।



## हाई जंप में मीनू और जेवलिन थ्रो में अंजलि प्रथम

### राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में 64वीं खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में 64वीं खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। सेवानिवृत्त प्राचार्या पुष्पलता ने एवं प्राचार्या डॉ. दर्शना को सम्मानित किया गया। इस दौरान 100 मीटर रेस के लिए 50 छात्राओं में से 8 छात्राओं ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

हाई जम्प में मीनू प्रथम, स्नेहा द्वितीय तथा अंशु ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं जेवलिन थ्रो में अंजलि प्रथम, तमन्ना द्वितीय तथा महक ने तृतीय, 400 मीटर रेस में मीनू प्रथम, स्नेहा द्वितीय तथा वेदिका ने तृतीय, लॉन्ग जम्प में तनुजा प्रथम, मीनू द्वितीय तथा स्नेहा ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा 200 मीटर रेस में प्रथम मीनू, तनुजा द्वितीय तथा स्नेहा तृतीय, थ्री लेगड रेस में अंजलि और मुस्कान प्रथम, तान्या और अंजलि द्वितीय तथा आरती और प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह से डिसकस थ्रो में महक प्रथम, तनुजा द्वितीय तथा तमन्ना तृतीय स्थान पर रही। चतुर्थ श्रेणी पुरुष कर्मचारी 100 मीटर रेस में संदीप प्रथम, सुनील सैनी द्वितीय तथा नरेंद्र ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं चतुर्थ कर्मचारी महिला वर्ग में सोनू प्रथम, मंजू द्वितीय तथा पूजा तृतीय स्थान पर रही।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डॉ. रतन सिंह तवंर रिटायर्ड एसएमओ, डॉ. दीपक मालिक, डॉ. अंजू, डॉ. वीना सचदेवा, डॉ. बिंदु, डॉ. निशा, डॉ. नीरज, डॉ. रेणु हुड्डा, डॉ. अनिता, डॉ. सुभाष, डॉ. योगेश, डॉ. भूपेन्द्र, डॉ. फूल कुमार, डॉ. राजेश, डॉ. सचिन, डॉ. नरेश, राजबाला, संदीप आदि मौजूद रहे। मंच संचालन डॉ. किरण शर्मा एवं नीति अहलावत ने किया।

## पीएम श्री नवोदय विद्यालय में पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

घुसकानी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पिछले वर्षों में इस विद्यालय से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अलग-अलग क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे विद्यार्थियों ने विद्यालय में अपने अनुभव सांझा किए।

पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रशासन द्वारा इस दौरान किए गए विभिन्न कार्यों एवं सुधारों की प्रशंसा की।विद्यालय के प्राचार्य राजेश गुप्ता ने पूर्व छात्रों का विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव सांझा कर प्रोत्साहित करने के लिए आभार व्यक्त किया। पूर्व छात्र मिलन समारोह में इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत मेडिकल, इंजीनियरिंग, बैंकिंग, शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में अपनी-अपनी सेवाएं दे रहे विद्यार्थियों ने अपनी सफलता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता में इस विद्यालय में प्राप्त की गई शिक्षा और शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भूतपूर्व छात्रों में सॉफ्टवेयर इंजीनियर नैंसी, डॉक्टर उर्वशी, विज्ञान शिक्षक पंकज, रक्षा विभाग में कार्यरत कौशिल बजाड़, पटवारी राखी कटारिया, सहायक अनुभाग अधिकारी रोहित, अस्पताल प्रबंधक राधेश्याम, लैब तकनीशियन आरती अपनी सेवाएं दे रहे हैं। राजेश गुप्ता ने कहा कि यह विद्यार्थी नवोदय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान सभी अन्य गतिविधियों में भी बढ़ चढक़र भाग लेते थे और मंच पर भी अपनी प्रतिभा का परिचय देते रहते थे।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य फिरोज खान, वरिष्ठ शिक्षिका अनुमिता पुरी, शिक्षक विजय कौशिक, प्रमोद कुमार, भूपेंद्र, सोनिया श्रेय, कार्यालय अधीक्षक विनोद कुमार बंजारा, संत राज व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## 800 मीटर दौड़ में मुस्कान व शॉटपुट में मनीषा अव्वल



■ सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में सोमवार को वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में सोमवार को वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। इसमें 800 मीटर दौड़ में मुस्कान व शाट पुट में मनीषा ने बाजी मारी। एथलेटिक्स मीट की मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉक्टर संतोष हुड्डा रही। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों में खेल भावना का विकास करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हार जीत महत्व नहीं रखते खेलना महत्वपूर्ण है।

प्रतियोगिता के संयोजक प्रोफेसर मांगेराम ने कहां की जीवन के किसी भी क्षेत्र में अनुशासन जरूरी है। विजेताओं को प्राचार्य ने इनाम देकर सम्मानित किया। ये रहे परिणाम- 400 और 800 मीटर की रेस में छात्रा मुस्कान प्रथम रही जबकि सलोनी को दूसरा स्थान और मनीषा तीसरे स्थान पर रही। शाट पुट में मनीषा प्रथम रिंकू द्वितीय और किरण ने तीसरा स्थान पाया। लंबी कूद में तानिया प्रथम सलोनी दूसरे और आरती तीसरे स्थान पर रही। 800 मीटर रेस में प्राची दूसरे स्थान पर सलोनी को तीसरा स्थान मिला। डिस्कस थ्रो में मनीषा प्रथम रही जबकि रिंकू दुसरे और किरण तीसरी स्थान पर रही। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य सभी उपस्थित थे

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### रद्द किए गए पंजीकरण को लेकर फूटा गुस्सा

# निर्माण मजदूरों ने शहर में किया प्रदर्शन



रोहतक। अपनी मांगों के लिए तहसीलदार राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपते भवन निर्माण कामगार यूनियन( सीटू) के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सरकार द्वारा निर्माण मजदूरों के रद्द किए गए पंजीकरण से गुस्साए मिस्त्री-मजदूरों ने सोमवार को शहर में आक्रोश प्रदर्शन किया और मजदूर विरोधी फैसले के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद तहसीलदार राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन से पहले मजदूर मानसरोवर पार्क मे इकट्ठे हुए और सभा की। जिसकी अध्यक्षता भवन निर्माण कामगार यूनियन(सीटू)के जिला प्रधान रामभगत बहलम्बा ने निर्माण मजदूरों को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य अध्यक्ष सुखबीर सिंह एवं राज्य सचिव कामरेड विनोद ने कहा कि हरियाणा सरकार ने बिना किसी तहकीकात व छानबीन के श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण मजदूरों को एक झटके में बाहर कर दिया और लगभग एक लाख मजदूरों के पंजीकरण को रद्द कर दिया। यूनियन ने सरकार को 2018 में पहले ही आगाह किया था कि निर्माण कल्याण बोर्ड से यूनियन को बाहर करने से भारी भ्रष्टाचार फैलेगा और गांव- गांव लूट के अड्डे खुलेंगे। 90 दिन का काम वेरिफिकेशन करवाने के नाम पर मजदूरों भारी शोषण हो रहा है। प्रदेश भर से 35 हजार निर्माण मजदूरों का पंजीकरण रद्द किया गया है।

### निर्माण मजदूरों की ये हैं मांगें

- ▶▶ निर्माण मजदूरों का रद्द किया गया पंजीकरण तुरंत प्रभाव से बहाल किया जाए और बकाया सुविधाओं की राशि बिना शर्त जारी की जाए ।
- ▶▶ निर्माण मजदूरों के 90 दिन के काम की तसदीक का अधिकार यूनियनों को भी दिया जाए। सरकार द्वारा अधिकृत अधिकारी 90 दिन के काम की तसदीक नहीं कर रहे। जो तसदीक कर रहे हैं उनकी अपनी मनमर्जी चलती है। काम की तसदीक करवाने में भारी भ्रष्टाचार है। इस भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए और निर्माण मजदूरों के काम की तसदीक कारवाई जाए।
- ▶▶ फर्जी पंजीकरण पर रोक लगाई जाए तथा भ्रष्टाचार करने वालों पर उचित कानूनी कार्यवाही की जाए ।
- ▶▶ मजदूरों की वर्षों से लंबित पड़ी विभिन्न तरह की कल्याणकारी सुविधाओं की राशि जारी करवाई जाए ।
- ▶▶ परिवार पहचान-पत्र (पीपीपी) की वजह से श्रमिकों के पंजीकरण व सुविधाओं के आवेदनों में बड़ी समस्या आ रही है। इसलिए परिवार पहचान-पत्र (पीपीपी) की शर्त खत्म की जाए।
- ▶▶ एनसीआर क्षेत्र के अंतर्गत ग्रैप चार निर्वाह भत्ता योजना की तिथि बढ़ाई जाए ।
- ▶▶ शहर में लेबर चौकों पर शैड बनवाया जाए ।
- ▶▶ मजदूरों की दिहाड़ी करने के मामलों के निपटारे के लिए जिला स्तर पर मजदूर संगठनों को शामिल कर निगरानी कमेटी गठित की जाए।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने तीन न्यायिक अधिकारियों को दिलवाई शपथ, दीक्षा,शंकर व विनीत ने किया ज्वाइन



**रोहतक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में तीन न्यायिक अधिकारियों ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के तौर पर शपथ ग्रहण की। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने तीन जजों दीक्षा सहरावत, शंकर दून व विनीत कुमार को अपने कार्य को ईमानदारी और लगन से करने की शपथ दिलाई तथा तीनों जजों को भारत के संविधान की रक्षा एवं संविधान की पालना करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर रोहतक कोर्ट के सभी न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की अधिसूचना के तहत प्रदेश में 110 जजों का चयन हुआ है, जिनमें से तीन जजों ने रोहतक में ज्वाइन किया।

## राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**रोहतक।** राजकीय महिला कॉलेज लाखन माजरा में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्राचार्या इंदु सपरा के मार्गदर्शन में 3 फरवरी से चल रहे आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। मार्शल आर्ट प्रशिक्षक रणवीर द्वारा छात्राओं को आत्मनिर्भर वह आत्मविश्वास जागृत करने के लिए आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सिखाएं गए। महाविद्यालय उप-प्राचार्या डॉ. अनीता अमानी द्वारा छात्राओं को आपसी सहयोग व जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों का हिम्मत से सामना करने का संदेश दिया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में अंत में डॉ. सुनीता द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया।